**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**01.07.2025/प्रादेशिक समाचार/19:45बजे**

**मुख्य समाचार''**

- प्रदेश में भारी वर्षा व बादल फटने की घटनाओं से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित– मंडी जिला में 5 लोगों की मृत्यु– 15 अन्य लापता।
- धर्मशाला के तपोवन में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र–2 का वार्षिक सम्मेलन संपन्न–राज्यपाल ने समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत।
- एनएचएआई के अधिकारी के साथ मारपीट के मामले पर ग्रामीण विकास मंत्री पर एफआईआर दर्ज–केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री से उचित कार्रवाई की मांग की।
- भाजपा ने राजीव बिंदल को एक बार फिर सौंपी प्रदेश अध्यक्ष की कमान–केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने की आधिकारिक घोषणा।

**अब समाचार विस्तार से...........**

**मौसम**

प्रदेश में बीते दो–तीन दिनों के दौरान हुई भारी वर्षा व बादल फटने की घटनाओं से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मॉनसून की भारी वर्षा, भूस्खलन व बादल फटने के कारण हुई घटनाओं में अब तक 51 लोगों की मृत्यु हुई है और करीब सौ से अधिक लोग घायल हुए हैं जबकि 21 लोग अभी भी लापता हैं। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार प्रदेशभर में भारी वर्षा व भूस्खलन से 4 सौ 6 सड़कें, एक हज़ार 5 सौ 15 बिजली ट्रांसफार्मर और एक सौ 71 जलापूर्ति योजनाएं प्रभावित हुई हैं। बीती रात मंडी जिला के विभिन्न स्थानों पर बादल फटने व भारी वर्षा से जान माल को काफी नुकसान पहुंचा है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आगामी 24 घंटों के दौरान भी राज्य के अधिकतर भागों में भारी वर्षा की संभावना जताई है।

**सुखविंदर सुक्खू**

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा ज़िला में ब्यास नदी में बढ़ते जलस्तर की स्थिति का जायज़ा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगातार बारिश के चलते जलस्तर में तेज़ बढ़ौतरी हो रही है, जिससे कुछ क्षेत्रों में गंभीर परिस्थितियाँ बनी हुई हैं। उन्होंने ज़िला के भड़ोली क्षेत्र में नदी पर

बने पुल और आसपास के इलाक़ों की स्थिति की जानकारी ली और ज़िला प्रशासन से फीडबैक ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह ज़िला प्रशासनों के निरन्तर संपर्क में हैं और हालात पर नज़र बनाए हुए हैं। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि ख़राब मौसम को देखते हुए पूरी सावधानी बरतें और प्रशासन की एडवायज़री का पालन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों की सुरक्षा ही राज्य सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने आज हमीरपुर जिला के नादौन में एक करोड़ 28 लाख रूपए की लागत से निर्मित सहायक जिला न्यायवादी कार्यालय भवन का उदघाटन किया और नाबार्ड के तहत बनने वाली सेरा से सेरा पखरोल मानपुल सड़क के उन्नयन कार्य का भूमि पूजन भी किया।

## धूमल–प्रतिभा

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रौफेसर प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में बादल फटने, भारी बारिश व बाढ़ के चलते हुए जानमाल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने खराब मौसम को देखते हुए लोगों से नदी नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी भारी वर्षा व बादल फटने के कारण हुए जान–माल के नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने लोगों से सुरक्षित रहने और एहतियात बरतने की अपील की है। प्रतिभा सिंह ने केंद्र सरकार से प्रदेश को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत व पुर्नवास कार्यों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने का आग्रह भी किया है।

## राष्ट्रमंडल सम्मेलन

धर्मशाला के तपोवन स्थित प्रदेश विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र–2 का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन आज संपन्न हुआ। समापन समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विधायिका केवल कानून बनाने का माध्यम नहीं है बल्कि ये राज्य के समग्र संसाधनों, आर्थिक, प्राकृतिक व मानव संसाधन के न्यायसंगत पारदर्शी और उत्तरदायी उपयोग की दिशा तय करने वाली संस्था है। राज्यपाल ने कहा कि तपोवन में आयोजित ये संवाद निश्चित ही हमारे लोकतंत्र की समृद्ध परंपर को और अधिक सशक्त बनाने वाला है।

——बाईट–राज्यपाल——

इस दौरान सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने दलबदल कानून को ओर भी मजबूत और सशक्त बनाए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यदि दलबदल कानून सख्त होगा तो सरकार भी पूरे आत्मविश्वास के साथ कार्य करेगी। विधानसभा अध्यक्ष ने सम्मेलन में भाग लेने के लिए सभी प्रतिनिधियों का आभार जताया। देश के आठ राज्यों की विधानसभाओं और तेलंगाना विधान परिषद के अध्यक्ष सहित कुल 38 प्रतिनिधियों ने सम्मेलन को संबोधित किया।

## एफआईआर

प्रदेश के ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई के अधिकारी के साथ मारपीट के आरोप लगे हैं। एनएचएआई के अधिकारी द्वारा शिमला के ढली थाना में उनके खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। गौरतलव है कि पिछले कल भट्टाकुफर में एक पांच मंजिला भवन के ढहने के बाद पंचायतीराज मंत्री मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे थे और इस दौरान मंत्री सहित अन्य लोगों पर एनएचएआई के अधिकारियों से मारपीट किए जाने के आरोप है। एनएचएआई के अधिकारी ने शिकायत में आरोप लगाया है कि मंत्री ने पहले उनसे अभद्रतापूर्ण तरीके से बात की और बाद में बंद करने में उनसे मारपीट की। पुलिस ने अधिकारी की शिकायत के आधार पर मंत्री के खिलाफ केस दर्ज किया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इस मामले पर राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मंत्री को तुरंत पद से हटाने की मांग की है।

इस बीच केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी एनएचएआई के अधिकारी के साथ मंत्री द्वारा की गई मारपीट के मामले पर कड़ा संज्ञान लिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से फोन पर बात कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## भाजपा अध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी ने हिमाचल प्रदेश की कमान एक बार फिर पार्टी के वरिष्ठ नेता राजीव बिंदल को सौंपी है। शिमला में आज एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने राजीव बिंदल को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष निर्वाचित किए जाने की आधिकारिक घोषणा की। इसके अलावा केंद्रीय राज्य मंत्री ने 8 राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के नामों की घोषणा भी की। इनमें गोविंद सिंह ठाकुर, बिहारी लाल शर्मा, त्रिलोक कपूर रश्मीधर सूद, पायल वैद्य, राजीव सैहजल, संजीव कटवाल और पवन काजल शामिल है। इस दौरान जितेंद्र सिंह ने कहा कि हिमाचल में प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली पार्टी है और यहां लोकतांत्रिक रूप से अध्यक्ष का चुनाव किया जाता है। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में मां बेटे का ही फैसला मान्य होता है और हर व्यक्ति स्वयं को अध्यक्ष समझता है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि तीन पीढ़ियों के संघर्ष के बाद आज भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना है। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर सहित अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे।

## मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश में भारी वर्षा व बादल फटने की घटनाओं से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित– मंडी जिला में 5 लोगों की मृत्यु– 15 अन्य लापता।
- धर्मशाला के तपोवन में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र–2 का वार्षिक सम्मेलन संपन्न–राज्यपाल ने समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत।

- एनएचएआई के अधिकारी के साथ मारपीट के मामले पर ग्रामीण विकास मंत्री पर एफआईआर दर्ज–केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री से उचित कार्रवाई की मांग की।
- भाजपा ने राजीव बिंदल को एक बार फिर सौंपी प्रदेश अध्यक्ष की कमान–केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने की आधिकारिक घोषणा।